हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026




# नांदगांव की बेटी महक बनी भारत महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम की उपकप्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

जिले के कौरिनभाठा क्षेत्र की प्रतिभावान महिला क्रिकेट खिलाड़ी महक नरवासे ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। महक का चयन श्रीलंका दौरे के लिए भारत महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम की उपकप्तान के रूप में हुआ है। यह श्रृंखला भारत में आयोजित की जाएगी, जहां भारतीय टीम श्रीलंका की अंडर-19 महिला टीम के साथ मुकाबले खेलेगी।

गुरूनानक स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा महक की इस उपलब्धि से राजनांदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी और गर्व का माहौल है। महक नरवासे पिछले लगभग आठ वर्षों से क्रिकेट कोच मनोज तिवारी के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन का ही परिणाम है कि आज उन्हें भारतीय टीम की उपकप्तानी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी सहित पूरे एसोसिएशन ने महक नरवासे को बधाई देते कहा कि उनकी उपलब्धि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। ज्ञात हो महक काफी लंबे समय से क्रिकेट के अलग-अलग फार्मेट में बेहतर प्रदर्शन करते आ रही थी।

### शाला स्तर से शुरू हुआ सफर

महक ने जिला स्तरीय प्रतिष्ठित सबेरा कप क्रिकेट प्रतियोगिता सहित विभिन्न स्थानीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शाला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने पुरूष टीम के साथ खेलते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनके शानदार प्रदर्शन ने प्रारंभ से ही चयनकर्ताओं और प्रशिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया।

## श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में चयन, परिवार में मना जश्न

### कैंप से भारतीय टीम तक

महक नरवासे का चयन पूर्व में बीसीसीआई अंडर-19 इंडिया कैंप के लिए भी हो चुका है। वहां उन्होंने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट विशेषज्ञों को प्रभावित किया। लगातार बेहतर खेल और नेतृत्व क्षमता के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई और अब भारतीय अंडर-19 महिला टीम की उपकप्तान बनने का गौरव प्राप्त किया है।



### मां से मिली प्रेरणा

महक की माता शिक्षिका है और उन्होंने हमेशा बेटी को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परिवार का सहयोग, सकारात्मक वातावरण और विश्वास महक की सफलता की मजबूत नींव बना। परिवार ने हर परिस्थिति में उनका उत्साहवर्धन किया। जिसका परिणाम आज पूरे देश के सामने है।

### विपरीत परिस्थिति में अभ्यास

महक का क्रिकेट सफर चुनौतियों से भरा रहा है। शुरूआती दौर में महिला खिलाड़ियों की संख्या कम होने के कारण उन्हें पुरूष खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करना पड़ता था। उन्होंने लड़कों के साथ नेट प्रैक्टिस और प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलकर अपने खेल को और अधिक मजबूत बनाया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ती रही।

---

## प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग

# खेत पर गिरे पोल की जद में आने से 14 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुधवार की शाम तेज आंधी-तूफान के बीच शहर के सिंगदई वार्ड नंबर 50 में जर्जर विद्युत पोल के गिरने से 14 मवेशियों की मौत का मामला सामने आया है। यहां विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते किसान की सूचना के बाद भी जर्जर सीमेंट के विद्युत पोल को बदला नहीं गया था। जिसके चलते तेज आंधी में 4 पोल धराशाही हो गए। आज सुबह जब किसानों ने अपने मवेशियों को खेत की ओर चरने के लिए छोड़ा तो कुछ मवेशी विद्युत तारों की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई।

ग्राम सिंगदई के किसान सुखीराम साहू के खेत में लगभग 4-5 सीमेंट के विद्युत पोल जर्जर हो गए थे। जिसको लेकर किसान द्वारा विद्युत विभाग में इसकी सूचना भी दी गई थी, लेकिन विभाग द्वारा इन जर्जर पोल को बदला नहीं गया था। बुधवार की शाम जब तेज आंधी चली तो सुखीराम के खेत में चार जर्जर पोल गिर गए। जिसमें विद्युत प्रवाह होता रहा। रात होने की वजह से किसी को इस बात की खबर नहीं थी। आज सुबह लगभग 6 बजे के करीब किसानों ने अपने मवेशियों को रोज की तरह चरने के लिए छोड़ा तो सभी मवेशी खेत की ओर चले गए। इस दौरान सुखीराम साहू के खेत में पहुंचते ही 14 मवेशी जिनमें गाय और बछड़े शामिल हैं, वह खेत में गिरे इन विद्युत तारों के संपर्क में आ गए और करंट लगते ही उनकी मौत हो गई।



### रोज की तरह चरने छोड़े थे मवेशी

कृषक लेखराम सोनकर व मोतीलाल की गाय और बछड़े भी इस हदसे का शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुबह लोगों से जानकारी मिली कि सुखीराम के खेत पर करंट लगने से पशुधन की मौत हो गई है। वह जब मौके पर पहुंचे तो उनकी गाय और बछड़े भी मृत मिले। उन्होंने बताया कि रोज की तरह सुबह गाय को चार चरने के लिए छोड़े थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि ऐसा हादसा हो जाएगा।

### दूर से देखकर हुए सचेत

तूफान की वजह से खेत में गिरे विद्युत पोल में रातभर विद्युत प्रवाह होता रहा। सुबह खेत की ओर गए किसानों ने दूर से ही बड़ी तादाद में मवेशियों को एक साथ जमीन पर गिरे हुए देखा तो उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद किसी की नजर विद्युत पोल और तारों पर गई। जिससे किसान अनहोनी को लेकर सचेत हो गए। अनजाने में यदि कोई किसान विद्युत तारों तक पहुंचता तो उसकी जान भी नहीं बच पाती।

### प्रभावित किसानों को मुआवजा देने मांग

मामले की सूचना मिलने पर स्थानीय पार्षद मुकेश, पूर्व पार्षद एवं गौ सेवक ऋषि शास्त्री भी मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पशुधन विभाग, पुलिस और विद्युत विभाग को दी गई। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि विद्युत विभाग के कर्मचारी आए और बाहर से ही विद्युत प्रवाह बंदकर चले गए। विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा। स्थानीय पार्षद मुकेश ने कहा कि यह विद्युत विभाग की घोर लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा राशि देने मांग की है।

### खेत में हृदयविदारक मंजर

खेत में विद्युत तार के गिरने और मवेशियों की मौत होने की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। सभी किसान घटनास्थल की ओर दौड़े चले आए और दूर खड़े होकर अपनी-अपनी मवेशियों को पहचानने में जुटे रहे। सभी मवेशी एक लाइन में विद्युत तारों के ऊपर मृत पड़े हुए थे। यह मंजर हृदय विदारक दिखाई दे रहा था।

### अधिकारियों ने बनाया पंचनामा

करंट की चपेट में आने से हुए मवेशियों की मौत को लेकर पुलिस और प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा। इस दौरान पशु विभाग के माध्यम से मृत मवेशियों को लेकर पंचनामा भी बनाया गया। विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही से गौवंश की हुई मौत बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के दावे पर भी सवाल खड़े करती है।

# किसानों ने किया दाम सत्याग्रह, खाद की कमी और कालाबाजारी को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद की कमी, खाद की कालाबाजारी, समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी का लाभ सहित अन्य मुद्दों को लेकर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश किसान संघ के बैनर तले किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने दाम सत्याग्रह करते रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी का लाभ नहीं मिलने को लेकर लंबे समय से किसानों द्वारा समय-समय पर आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने प्रदेश किसान संघ द्वारा एक दिवसीय दाम सत्याग्रह करते धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों ने अपनी मांगे पूरी करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




### समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी का लाभ देने की मांग


किसानों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से वर्ष 2024 - 25 में समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी 117 रुपए और 2025-26 में समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी 186 रुपए बकाया देने की मांग की है। वहीं कांग्रेस शासन काल के समय राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया एक किस्त की राशि जारी करने ज्ञापन सौंपा है।

### अगस्त माह में बड़े आंदोलन की चेतावनी

दाम सत्याग्रह आंदोलन करते किसानों ने रैली निकाली और कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते खाद की किल्लत को दूर करने कहा है। वहीं मांगे पूरे नहीं होने की स्थिति में अगस्त माह में बड़े किसान आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### 3358 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की मांग

प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि सोसाइटियों में खाद की किल्लत है। वहीं खाद की कालाबाजारी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो 20 प्रतिशत यूरिया और 40 प्रतिशत डीएपी खाद में कटौती करने की नीति बनाई है, उसे तत्काल वापस ले और समय पर सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाए। वहीं उन्होंने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी की गई है। जिसका लाभ देते इस वर्ष 3358 रुपए प्रति क्विंटल में धान की खरीदी करने घोषणा की जाए।



माए एंगल




# नपं अध्यक्ष की जीत के बाद घुमका में कांग्रेस को झटका, ब्लॉक अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घुमका नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने वाली कांग्रेस को पखवाड़ेभर के भीतर ही बड़ा झटका लगा है। घुमका ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राममुरत वर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि उन्होंने इस्तीफा देने के पीछे पारिवारिक कारण बताया है, लेकिन राजनीतिक सूत्रों की माने तो घुमका चुनाव में टिकट वितरण में सुनवाई नहीं होने से वे दुखी थे।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने इस्तीफे में किसी भी राजनीतिक असंतोष या संगठनात्मक विवाद का उल्लेख नहीं किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से निजी और पारिवारिक कारणों का हवाला देते पद छोड़ने का निर्णय लिया है। हालांकि उनके अचानक इस्तीफे ने स्थानीय कांग्रेस संगठन में असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। इस्तीफे के बाद अब यह चर्चा भी तेज हो गई है कि क्या संगठन में अंदरूनी बदलाव या असंतोष इसकी वजह हो सकता है।

हालांकि इस पर किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पार्टी नेतृत्व ने अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। इधर इस इस्तीफा के सामने आने के बाद कांग्रेस संगठन में हड़कंप मच गया है।







## खबर संक्षेप

### एक काउंटर से शराब बिक्री, ग्राहकों को परेशानी

**खड़गांव।** शासकीय मदिरा दुकान में अंग्रेजी एवं देशी शराब की बिक्री के लिए अलग-अलग काउंटर होने के बाद भी एक काउंटर बिक्री किया जा रहा है इससे प्रतिदिन काऊंटर में भीड़ लगने से अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान में अलग-अलग काउंटर की व्यवस्था भीड़ नियंत्रण के लिए किया गया है किन्तु कर्मचारियों द्वारा । एक काउंटर से बिक्री करने से लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आबकारी विभाग से दोनों काउंटरों को नियमित रूप से संचालित करने तथा व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

### भाजपा नेताओं ने की पूजा-अर्चना

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल पूर्ण होने पर



मंडल भाजपा ने नीचे मंदिर में पूजा-अर्चना का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की गई। आयोजन पूर्व विधायक विनोद खांडेकर की उपस्थिति रही। भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नूआना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पालिका अध्यक्ष रमण डोंगरे के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने जनकल्याणकारी कार्यों और योजनाओं की सराहना की। अंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नूआना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सिलेंडर महंगे होने से गरीबों की आफतः हर्षिता

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी एवं उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को मिलने वाली सब्सिडी में



कटौती को जनविरोधी निर्णय बताते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की है। विधायक बघेल ने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिससे लोगों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। साथ ही उज्ज्वला योजना अंतर्गत मिलने वाले सब्सिडी युक्त सिलेंडरों की संख्या को 9 से घटाकर मात्र 4 कर देना महिलाओं और गरीबों के साथ अन्याय है। विधायक बघेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में परिवार उज्ज्वला योजना पर निर्भर हैं। सब्सिडी में कटौती एवं गैस की बढ़ती कीमतों के कारण उन्हे चूल्हों का उपयोग करना पड़ रहा है जो महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए चिंताजनक है। उन्होंने बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने तथा उज्जवला योजना के हितग्राहियों को पूर्व की भांति पर्याप्त संख्या में सब्सिडी युक्त सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की है।

### तेज हवा से उड़ा मकान का छत

**डोंगरगढ़।** ग्राम पलांदुर में 10 जून की शाम को मौसम ने करवट बदला



और तेज आंधी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवा से ग्राम के चुम्मन वर्मा पिता धनसाय वर्मा के मकान की छत उड़कर दूर जा गिरी। परिवार के सामने अब आवास की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। घटना के बाद पीड़ित परिवार के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था करना चुनौती बन गया है। इस प्राकृतिक हादसे से परिवार को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। समाजसेवी सुरेश सिन्हा ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### दिल्ली में कर्मचारियों ने निकाली महारैली

**डोंगरगढ़।** ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट क्लास फोर एम्प्लॉईज फेडरेशन एवं




राष्ट्रीय समन्वय समिति के तत्वावधान में गत दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर में देशव्यापी महारैली का आयोजन किया गया। इस रैली में प्रदेश के कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों के आर्थिक हितों और सेवा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। ज्ञापन मे मूल वेतन में न्यायसंगत वृद्धि, न्यूनतम वेतन 69 हजार करने, संविदा, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित एवं आकस्मिकता निधि से कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण करने की मांग की गई है। रैली में सुरेश ढीढी, योगेश चौरे, लोकेश वर्मा, राकेश ठाकुर, हरिश्चंद्र यादव एवं बहुर सिंह पाल आदि शामिल हुए।

### चार घंटे में भरने वाली टंकिया भर रही दस घंटे में

# वाटर लेबल डाउन होने से स्पाट सोर्स योजना बंद, बढ़ी परेशानी

## टैंकरों के भरोसे शहर में पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

निकाय का टैंकर मुक्त एवं घर- घर नल कनेक्शन देने का प्रयास पूरा नही हो रहा है। गर्मी में जलापूर्ति के लिए निकाय अभी भी टैंकर के भरोसे है। कई वार्डों के नागरिकों को पेयजल के लिए टैंकर का इंतजार करना पड़ रहा है।

इस साल प्रचंड गर्मी में कई वार्डों के नागरिकों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल संकट से जूझ रहे वार्डों के नागरिको की निकाय को टैंकरो से मिलने वाले पानी से प्यास बुझानी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि निकाय को इन दिनों जल संकट का सामना करना पड रहा है हालांकि इस साल समस्या में थोडी कमी आई है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के मार्गदर्शन में प्रभावित वार्डों में नलकूप खनन कर पाईप लाईन से जोड़कर पानी की सप्लाई किया जा रहा है इस प्रयास से कुछ राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार वार्ड 1, 2, 4, 6, 7, 10, 11, 14 एवं 15 के नागरिकों को पेयजल संकट का सामना करना पड रहा है। प्रभावित वार्डों में प्रतिदिन टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है।

### निदान के लिए निकाय गंभीर

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि जल संकट से जुझ रहे वार्डों के लोगों पेयजल मुहैया कराना निकाय का दायित्व है। नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने निकाय प्रशासन गंभीर है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि प्रभावित वार्डों में नलकूप खनन एवं छोटी छोटी टँकियों की स्थापना कर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है।



### पार्षदों ने गिनाई समस्याएं

पार्षद खेदीबाई अमिला एवं सुरेश नेताम ने बताया कि मेरेगांव वार्डवासियों को हमेशा पेयजल संकट का सामना करना पडता रहा है। उन्होंने बताया कि मेरेगांव में जगह जगह नलकूप खनन एवं टंकी लगाने से समस्या में कमी आई है। पार्षद दिलीप कुंभकार ने बताया कि जनपद पंचायत के पीछे पेयजल की समस्या है। इसी तरह कांग्रेस पार्षद गोपीचंद्रा देवांगन ने बताया कि उनके वार्ड में भी पानी की समस्या है। कविता यादव ने बताया कि उनके वार्ड के लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड रही है। वार्ड 14 एवं 15 के नागरिको को भी इस साल जल संकट का सामना करना पड रहा है। नगर के मंजीत भाटिया, गौरीशंकर यादव, दयाशंकर खंडेलवाल, सुकालूराम मंडावी, राजेश लाटा, संतोष पांडे आदि ने जल समस्या की शिकायत करते हुए निदान की मांग की है।

### वाटर लेबल डाउन

जानकारी के अनुसार वाटर लेबल डाउन होने से निकाय के पंप काम नही कर रहे हैं। स्पाट सोर्स योजना से सीधे पेयजल आपूर्ति करने वाले वार्डों में पंप काम नहीं कर है। वार्ड 1, 2 एवं 4 के नागरिको को पेयजल संकट झेलना पड़ रहा है। आईटीआई-हास्पिटल मार्ग एवं लाल भीष्मदेव शाह चौक, राजीव गांधी चौक तथा जनपद पंचायत के समीप लघु उद्यान के निकट वाटर लेबल डाउन होने से पंप नहीं चल रहे हैं। आपरेटरो ने बताया कि चार- पांच घंटो में भरने वाली टंकिया को भरने में दस से बारह घंटे लगे रहे है। जल विभाग प्रभारी निजाम पटेल ने बताया कि जल स्तर नीचे गिरने से पेयजल संकट की स्थिति बनी हुई है।

## पौधारोपण कर मनाया गया पर्यावरण दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ तिलईरवार

ग्राम पंचायत में 5 जून को पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा की शपथ लेकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया । मुख्य अतिथि सरपंच नंदीका कुंजाम ने कहा कि यह दिन हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लेने और दूसरों को प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है। व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि मानव जीवन और पर्यावरण का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है। पर्यावरण ही हमें जीवन के लिए आवश्यक वायु, जल , भोजन ,ऊर्जा प्रदान करता हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उसकी सुरक्षा करने की शपथ दिलाया। तत्पश्चात सभी ने नीम एवं आम का रोपण किया। पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण में उत्कृष्ट कार्य हेतु थंगेश्वर साहू को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरपंच नंदीका कुंजाम, थंगेश्वर साहू, सीएसबी कुंजाम, राजकुमार साहू, संजय, शिवकुमार, सचिव डेमन साहू, बिंदु, माहेश्वरी, अनीता, ललिता, कोमल, सुरुचि, कामिन, यमुना, सविता, सरोज आदि मौजूद थे।

### दुर्ग में प्रकरणों की सुनवाई 18 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक, सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग रायपुर को दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से प्राप्त महिलाओं के उत्पीडन से संबंधित 49 प्रकरणों की सुनवाई 18 जून को होगी।

## खाद वितरण होने से किसानों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर इन दिनों मुस्कान देखने मिल रहा है जिसका बड़ा कारण यह है कि सोसायटी से खाद वितरण किया जा रहा है। किसानों के खेतों के रकबा अनुसार खाद प्रदान किया जा रहा है। किसानों द्वारा अपने साधनों से सोसायटी से खाद लेकर भंडारण किया जा रहा है। खाद का समय से पहले वितरण होने पर कहा जा रहा है कि किसानों को पिछले वर्ष की तरह खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। किसान लीला ने बताया कि पिछले वर्ष खाद वितरण नहीं किया गया था लेकिन इस बार समय पर खाद दिया जा रहा है। खाद वितरण से कालाबाजारी पर अंकुश लगने की संभावना है।

### कन्या परिसर में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर अंबागढ़ चौकी में छात्राओं के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक छात्राएं 15 मई से 20 जून तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदन पत्र कन्या क्रीड़ा परिसर अंबागढ़ चौकी से प्राप्त किए जा सकते हैं। अभ्यर्थियों का चयन 10 बैटर टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। अंतिम चयन परीक्षण 24 जून एवं 25 जून को खेल मैदान में संपन्न होगा।

## खोद दिया एप्रोच रोड, ग्रामीणों की आवाजाही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- गर्म रेत से गुजर रहे ग्रामीण
- बारिश होने पर बढ़ सकती है ग्रामीणों की परेशानी

मरम्मत के नाम पर अर्जुनी रातापायली मार्ग पर बने पुल की एप्रोच रोड को खोद कर ग्रामीणों की आवाजाही बाधित कर दिया गया है। आसपास गांव के ग्रामीणों को इन दिनों तपती रेत से गुजरना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि अर्जुनी रातापायली मार्ग पर बने पुल की एप्रोच रोड जर्जर हो गई थी।गर्मी के सीजन में मरम्मत कराने के बजाए करीब एक सप्ताह पहले काम शुरू करते हुए पुल के दोनों किनारे की एप्रोच रोड को खोद दिया गया है जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मरम्मत के लिए पहले आधे हिस्से में काम करने के बाद दूसरे हिस्से की मरम्मत किया जाता तो आवागमन प्रभावित नहीं होता। अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार की मनमानी से अंचल के ग्रामीण काफी परेशान हो रहे है। जानकारी के अनुसार अर्जुनी- रातापायली मार्ग पर स्थित पुल को पार कर रातापायली, भाखरी, रुदगांव, रीवागहन, रुपाकाठी के ग्रामीण गांव पहुंचते है।



### तो कट जाएगा इलाका

एक सप्ताह पहले शुरू किए गए मरम्मत कार्य को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो बारिश होने के बाद इसे पूर्ण करना संभव नहीं होगा। बारिश होने पर क्षेत्र के ग्रामीण अपने ही गांव में कैद होकर रह जाएंगे या फिर उन्हें ब्लाक एवं जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ेगा। भाजपा नेता टामेश्वर साहू, जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश साहू, सरपंच ललिता साहू, मंडल भाजपा के कोषाध्यक्ष विजय जैन, महिला मोर्चा की नेहा जैन सहित अन्य ने ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए मरम्मत कार्य शीघ्रता से कराने की मांग की है।

## खेल अकादमी को मिला अभिभावकों का समर्थन

- नागरिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में संचालित खेल अकादमी के संबंध में कुछ लोगों द्वारा की गई शिकायत के संदर्भ में 30 से 40 अभिभावकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपना पक्ष रखा।

अभिभावकों ने कहा कि अकादमी पिछले 8 वर्षों से बच्चों को नियमित खेल प्रशिक्षण दे र रही हैं। यहां से अनेक खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। अभिभावकों ने बताया कि शिकायत उनकी जानकारी एवं सहमति से नहीं की गई है। वह अकादमी की प्रशिक्षण व्यवस्था, अनुशासन एवं बच्चों के विकास से संतुष्ट हैं। उनका कहना है कि यदि किसी भी कारणवश अकादमी का संचालन प्रभावित होता है तो इसका सबसे अधिक नुकसान बच्चों को होगा, क्योंकि सभी परिवार अपने बच्चों को प्रशिक्षण हेतु बड़े शहरों की अकादमियों में भेजने में सक्षम नहीं हैं। अकादमी ने हमेशा स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सका है। अभिभावकों ने प्रशासन से बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

## हर माह मिले वेतन, निकाय कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

### मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल पर जाएंगे निकाय कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

निकाय के अधिकारी कर्मचारी इस बात से खासे नाराज है कि उन्हे अन्य विभागों के कर्मचारियों की तरह हर माह वेतन नही मिलता है। वेतन के लिए उन्हे तीन से चार माह तक प्रतीक्षा करना पड़ता है। नगरीय निकाय कर्मचारी संघ की प्रांतीय इकाई ने हर माह एक तारीख को वेतन भुगतान करने की मांग की है। संघ ने मांग पूरी नहीं होने पर 13 जुलाई से हड़ताल पर चले जाने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान तिलकराम यादव, मो. सोफू जिलानी, जीवन पटेल, श्यामलाल यादव, रामकुमार देवांगन, हेमंत अमिला, रघुवेन्द्र खरे, रामसाय पटेल, निजाम साय पटेल, कृष्णा पटेल, कंचन लकडा आदि उपस्थित थे।



### महीनों नहीं मिलता वेतन

छग नगरीय निकाय कर्मचारी संघ की इकाई के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं सीएमओ विजय पांडे को ज्ञापन सौंप कर हर माह 1 तारीख को कोषालय से भुगतान कराने की मांग रखी है। उन्होंने खुलासा किया कि उन्हे वेतन के लिए तीन से चार माह तक प्रतीक्षा करना पड़ता है। संघ ने अन्य विभागों के कर्मचारियों की तरह ओल्ड पेंशन योजना का लाभ देने तथा निकाय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु नवीन सेटअप स्वीकृत करने की मांग रखी है। संघ के निकाय कर्मचारियों को सातवे वेतनमान एरियर्स राशि के भुगतान तथा विगत वर्षों से जमा नही की गई एनपीएस एवं जीपीएफ की राशि को जीपीएफ खाते में जमा करने की मांग की है।

### विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# दौरा कर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने ग्रामीणों को दी लाखों रुपए की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने गत दिनों गंडई क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण इलाकों में लाखों के विकास कार्यों की सौगात देते हुए ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया।

श्री सिंह ने दुल्लापुर में प्राथमिक विद्यालय परिसर में 2 लाख की लागत से निर्मित किचन शेड का लोकार्पण किया।

विद्यालय में बच्चों की सुविधा के लिए 5 लाख की लागत से बनने वाले प्रार्थना शेड का मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन किया। श्री सिंह ने पेंडरवानी में धोबी रजक समाज के भवन का शिलान्यास किया। इस भवन का निर्माण 4 लाख की लागत होगा।



### योजनाओं की दी जानकारी

दोनों गांव में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में विक्रांत सिंह ने जनसमुदाय और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उपस्थित ग्रामीणों से लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वह अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का माध्यम बनें। इस दौरान राकेश ठाकुर, राजेश मेहता, अनिल अग्रवाल, राजू जंघेल, लीलाराम साहू, रजेलाल पटेल, सुखदेव पटेल, विक्की कुर्रे, भानुप्रताप साहू, राकेश टंडन, अंजली देवांगन, आशा कुर्रे, बबली पटेल, पूनम साहू, लेखराम साहू, अमित शर्मा, अशोक पटेल, योगेंद्र कौशिक, सिद्धार्थ तिवारी, बलराम पटेल, अलख पटेल, रूपेंद्र साहू, दिलेश्वर साहू, गंगू रजक, विष्णु साहू और चिंता रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

### पैलीमेटा में महिला साइकिल रेस 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पैलीमेटा में आगामी 14 जून को महिला सशक्तिकरण को लेकर महिला- बालिका साइकिल रेस का आयोजन किया गया है। इसका प्रवेश शुल्क नहीं है। सायकल रेस बस स्टैंड से प्रारंभ होगी। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र की महिलाओं से शामिल होने की अपील की है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## कांग्रेस नेताओं से मिलेंगे नक्सल हिंसा से प्रभावित

**डोंगरगढ़।** नक्सल हिंसा से प्रभावित पीड़ित परिवार आगामी 18 जून को रायपुर के कांग्रेस भवन पहुंचकर अपनी समस्याओं से नेताओं को अवगत कराएंगे। इस दौरान परिवारजन नक्सल घटनाओं से हुए नुकसान, वर्षों से लंबित मांगों तथा न्याय के लिए किए जा रहे संघर्ष की जानकारी देंगे। पीड़ित परिवार कांग्रेस नेतृत्व से आग्रह करेंगे कि वह उनकी लड़ाई में साथ खड़े हों तथा आगामी आंदोलन में शामिल होकर समर्थन करें। पीड़ित परिवार पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई, जांच और विभिन्न स्तरों पर दिए गए ज्ञापनों की जानकारी भी कांग्रेस नेताओं को सौंपेंगे।

## नियमित योगाभ्यास सत्र का आयोजन



**राजनांदगांव।** स्वस्थ जीवन शैली अभियान अंतर्गत आयुष योगा एण्ड वैलनेस सेंटर चिखली में नियमित योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जा रहा है। योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव द्वारा योग सत्र में शामिल होने वाले लाभार्थियों को नियमित दिनचर्या में योग को शामिल करते प्रेरित किया। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लाभार्थियों को नियमित दिनचर्चा को अपनाने तथा खानपान में नमक, तेल, शक्कर की मात्रा कम करने एवं स्वस्थ दिनचर्या का पालन करने प्रोत्साहित किया।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण, किसानों से चर्चा कर उत्पादन बढ़ाने का दिया सुझाव

# पान बरेजों और टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट से बढ़ा अंचल के किसानों का रूझान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने गुरुवार को छुईखदान विकासखंड के ग्राम धारिया एवं रामपुर नवागांव का भ्रमण कर जिले में संचालित पान संवर्धन एवं टमाटर प्रसंस्करण इकाई की गतिविधियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने पान उत्पादक किसान भरत महिलांगे एवं हिंचाराम के पान बरेजों का निरीक्षण किया तथा किसानों से चर्चा कर पान उत्पादन, विपणन, तकनीकी आवश्यकताओं एवं भविष्य की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने कहा कि पान खेती इस क्षेत्र की पारंपरिक एवं लाभकारी कृषि गतिविधि रही है, जिसे वैज्ञानिक तकनीकों एवं संस्थागत सहयोग के माध्यम से पुनर्जीवित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, बेहतर प्रबंधन तथा उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान पान उत्पादन में उपयोग की जा रही नवीन तकनीकों, बरेजा प्रबंधन एवं पौध संरक्षण संबंधी गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की गई।

## नवीन और वैज्ञानिक तकनीकी से पान की खेती

### टमाटर प्रसंस्करण केंद्र शुरू

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम रामपुर नवागांव में स्थापित की जा रही टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यूनिट की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसके शीघ्र संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टमाटर प्रसंस्करण इकाई प्रारंभ होने से किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा तथा फसल की बर्बादी में कमी आएगी।



### एमपी और यूपी में अध्ययन भ्रमण

जिला प्रशासन एवं पान अनुसंधान केंद्र के संयुक्त प्रयासों से किसानों को मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के प्रमुख पान उत्पादक क्षेत्रों का अध्ययन भ्रमण भी कराया गया है, जिससे वे उन्नत तकनीकों एवं सफल मॉडलों से परिचित हो सकें। साथ ही क्षेत्र में नए पान बरेजों की स्थापना तथा वैज्ञानिक पान उत्पादन तकनीकों के प्रसार पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### किसानों का बढ़ा रूझान

उन्होंने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़कर उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। पान अनुसंधान केंद्र की स्थापना के बाद क्षेत्र में पान खेती के प्रति किसानों का रुझान बढ़ा है तथा नई तकनीकों के माध्यम से उत्पादन को प्रोत्साहन मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड छुईखदान में पूर्व में पान की खेती व्यापक रूप से की जाती थी, किन्तु तकनीकी मार्गदर्शन एवं गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री की अनुपलब्धता के कारण यह खेती धीरे-धीरे समाप्त होने की स्थिति में पहुंच गई थी। वर्तमान में किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कई उत्पादों का निर्माण

इसी कड़ी में छुईखदान में एक विशेष पान आउटलेट भी प्रारंभ किया जा रहा है। इस आउटलेट का संचालन महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। यहां पान आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों जैसे पान रिफ्रेश, पान हर्बल टी, पान लड्डू, पान चॉकलेट एवं अन्य नवाचार उत्पादों का निर्माण एवं विपणन किया जाएगा। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं आय सृजन के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

# किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खाद की कमी से जूझ रहे किसानों की समस्याओं को लेकर जिला किसान कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी ने तहसीलदार छुईखदान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों से जुड़ी नौ प्रमुख मांगों को शामिल करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई।

जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों से किसान परेशान हैं और किसान कांग्रेस किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल दास साहू ने कहा कि खेती का मौसम शुरू हो चुका है और यदि किसानों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस किसानों के अधिकारों के लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने खाद की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।



### कांग्रेसजनों ने निकाली रैली

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, जिला इंका अध्यक्ष कोमल दास साहू, गिरिराज किशोर दास, एमएल जंघेल, रामकुमार पटेल, गजेंद्र ठाकरे, सज्जाक खान, भीखम छाजेड़, गुलशन तिवारी, आकाशदीप सिंह गोल्डी, रोहित पुलस्त्य, कपीनाथ महोबिया, विजय वर्मा, दीपक वैष्णव, रिंकू गुप्ता, अशोक साहू, प्रकाश, अनिमेष महोबिया, आलोक यादव, मनीष कोचर, लेख नारायण टांडेकर, विताम्र, कोसन कोसरे, जयराम मंडावी, नजारुद्दीन, मुरारी सिंह, कमलेश्वर, देवलाल, अशोक महिलांगे, हंसराम, तोपसिंह, सरोज कुमार, मनीराम, संतोष यदु सहित अन्य उपस्थित थे।

### नौ सूत्रीय मांग पर प्रदर्शन

ज्ञापन में किसानों की समस्याओं और कृषि व्यवस्था में सुधार को लेकर नौ सूत्रीय मांगें रखी गईं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिले में खाद की कमी के कारण किसान चिंता और परेशानी का सामना कर रहे हैं। नौ सूत्रीय मांग में प्रति एकड़ खाद कटौती आदेश वापस लेने, तीन चरणों में खाद वितरण की नीति समाप्त करने, आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराने, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त आपूर्ति, डिब्बों में पेट्रोल-डीजल देने पर लगी पाबंदी हटाने, कृषि बिजली की बढ़ी हुई दरें वापस लेकर किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाकर पूरे प्रदेश में एक समान दर लागू करने, कृषि ऋण की सीमा बढ़ाकर 40 हजार प्रति एकड़ करने, कृषि उपज की राशि का एकमुश्त भुगतान करने तथा टोकन व्यवस्था समाप्त करने की मांग की गई है।

# शिविर में बना लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर जनसामान्य के लिए सुविधाओं और सेवाओं को उनके द्वार तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बना है। इसी कड़ी में राजनांदगांव शहर के मोहड़ वार्ड निवासी घनश्याम दास साहू को शिविर के माध्यम से निःशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा प्राप्त हुई।

घनश्याम दास साहू ने बताया कि वे घर के समीप मोहड़ स्कूल परिसर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी लेने पहुंचे थे। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी मिलने पर उन्होंने लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया। आवेदन करने के तुरंत बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उनका निःशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए परिवहन विभाग के जिला कार्यालय जाना पड़ता, लेकिन मोहड़ वार्ड में शिविर लगने से यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल गई। जिससे समय और धन दोनों की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध होने से उनका कार्य सरलता और शीघ्रता से पूर्ण हो गया।

### समस्याओं का निराकरण

श्री साहू ने बताया कि शासन की यह पहल जनसामान्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है तथा छोटे-छोटे कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा है। जिससे लोगों का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि ऐसे शिविरों से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है और सरकारी सेवाएं सहज रूप से लोगों तक पहुंच रही है।

# स्व. शुक्ल को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व.शुक्ल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल दास साहू, जिला किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवराज किशोर दास, एम. भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह, एमएल जंघेल, जी. जंघेल पूर्व विधायक, रामकुमार पटेल, विजय वर्मा,



सज्जाक खान, रोहित पुलस्त्य, रिंकू गुप्ता, अशोक साहू, आलोक यादव, अशोक महिलांगे, माधव बंजारे, रामानंद साहू, कोसन कोसरे, संतोष यदु, नजारूद्दीन, प्रकाश महोबिया, लेखनारायण तांडेकर, केशव मढ़ैया, भीम महोबिया, इशु दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि स्व. विद्याचरण शुक्ल का राजनीतिक जीवन जनसेवा, संगठन निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनके योगदान को कांग्रेस कार्यकर्ता सदैव स्मरण करते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा का समापन दो मिनट का मौन रखकर किया गया।

# कांग्रेस की बैठक में जनहित गतिविधियों का रखा ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों पर संपादित कार्यों सहित आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकारिणी सदस्यों की लगभग 90 प्रतिशत उपस्थिति को संगठन की सक्रियता और एकजुटता का प्रतीक बताते हुए शहर अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने पिछले चार महीनों के दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर किए गए प्रयासों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि बिजली संकट, घरेलू गैस की बढ़ती कीमतें, लालपुर स्टॉप डैम, यात्री प्रतीक्षालय, सडक़, बिजली और पेयजल व्यवस्था जैसे विषयों को लगातार उठाकर शासन-प्रशासन तक पहुंचाया गया। नगर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के



विकास तथा लंबे समय से लंबित बायपास निर्माण कार्य को प्रारंभ कराने के लिए भी लगातार प्रयास किया गया। शहर अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस संगठन ने समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, मरीजों की समस्याओं तथा अन्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर आम जनता की आवाज बनने का कार्य किया है। संगठन का उद्देश्य जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाकर उनका समाधान सुनिश्चित कराना है।

### चुनाव को लेकर बनी रणनीति

बैठक में आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर भी रणनीतिक चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक तेज करने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने व जनता के बीच पार्टी की नीतियों और जनहित कार्यों को पहुंचाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि मजबूत संगठन और जनसरोकारों के मुद्दों के बल पर कांग्रेस आगामी चुनावों में पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगी। उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### बूथ स्तर संगठन होगा मजबूत

संगठन की मजबूती और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए सभी ने बूथ स्तर तक पार्टी को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक मे दीपक देवांगन, सुरेन्द्र शर्मा, किशन रजक, रविंद्र सिंह गहरवार, यतेंद्रजीत सिँह, भरत चंद्राकर, सूर्यकान्त यादव, श्रद्धा अग्रवाल, मोहित भोंन्डेकर, लता प्रजापति, शबाना खान, गीता यादव, संत निषाद, गिरीश देवांगन, कन्हैया रजक, रतन सिंघी, जीतेंद्र रजक सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी मौजूद थे।

### मनोहर गौशाला के संस्थापक की कृति

# गाय एक वैज्ञानिक अनुसंधान पुस्तक का इंदौर के जैन दादाबाड़ी में विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदौर के रामबाग जैन दादाबाड़ी तीर्थ में परम पूज्य गुरुवर्या श्री मृगावती श्री जी महाराज साहब के सान्निध्य में गौ आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान पुस्तक गाय एक अनुसंधान का विमोचन हुआ।

मनोहर गौशाला के संस्थापक और प्रबंध न्यासी डॉ अखिल जैन द्वारा लिखित पुस्तक में गोबर, गोमूत्र, गौ उत्पाद, प्राकृतिक खेती, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण से जुड़े शोध व प्रयोगों को शामिल किया गया है। विमोचन कार्यक्रम में रामबाग जैन दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र गांधी, सचिव डूंगरमल हुंडिया, समाज के वरिष्ठजन और श्रद्धालु मौजूद रहे। डॉ. अखिल जैन ने बताया कि यह पुस्तक वर्षों से चल



रहे गौ आधारित अनुसंधान और प्रयोगों का सार है। इसमें परीक्षण रिपोर्ट, कृषि उपयोगिता, गौ ऊर्जा, जैविक खेती और भारतीय गौ विज्ञान के अलग-अलग पहलुओं को वैज्ञानिक नजरिए से रखा गया है। गुरुवर्या श्री मृगावती श्री जी महाराज साहब ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और ग्राम्य जीवन की आधारशिला हैं। गौ आधारित शोध आज के समय की जरूरत है। उन्होंने पुस्तक को किसानों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

### सभी तक पहुंचाने का प्रयास

डॉ. जैन ने कहा कि गौसेवा से जुड़े सभी कार्य गुरुवर्या के आशीर्वाद और समाज के सहयोग से संभव हो रहे हैं। उन्होंने पुस्तक को समाज और राष्ट्र को समर्पित किया। उनका कहना है कि गौ आधारित विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना उनका संकल्प है। पुस्तक में गौ उत्पादों की उपयोगिता को खेती, पर्यावरण और सतत विकास से जोड़ा गया है। आयोजकों ने इसे गौ विज्ञान और प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया। उनका मानना है कि इसका व्यापक प्रसार किसानों और शोधकर्ताओं को नई दिशा दे सकता है।

## शिविर में फगनीबाई को मिला सरल एवं त्वरित समाधान

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल मैदान बसंतपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर आम नागरिकों के लिए मददगार साबित हुआ। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। जोगीनगर राजनांदगांव निवासी फगनीबाई ने शिविर में पहुंचकर महतारी वंदन योजना के लिए अपना ई-केवाईसी कार्य सफलतापूर्वक कराया। उन्होंने बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता राशि प्राप्त हो रही है। योजना का निरंतर लाभ प्राप्त करने ई-केवाईसी कराना अनिवार्य था, लेकिन वे यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रही थी। फगनीबाई ने बताया कि घर के समीप आयोजित सुशासन तिहार के जनसमस्या निवारण शिविर में उनकी समस्या का सरल एवं त्वरित समाधान हो गया। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से बिना किसी परेशानी के उनका ई-केवाईसी पूरा हो गया। जिससे अब उन्हें योजना का लाभ निरंतर मिलता रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने भी शिविर में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और त्वरित सेवाओं की सराहना करते इसे शासन की जनहितकारी पहल बताया।

# सोनपुरी व मड़ौदा में नवीन ग्राम पंचायत भवन का जिपं उपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोनपुरी व मड़ौदा में नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। पारंपरिक स्वागत बाद मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि दोनों ग्राम पंचायतों में लंबे समय से जर्जर हो चुके भवनों के स्थान पर अब नवीन पंचायत भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय द्वारा दोनों पंचायतों के लिए 20-20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार धरातल पर कार्य करने वाली सरकार है, जो गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार राशि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे गांवों में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। स्वच्छता के लिए भी पंचायतों को विशेष अनुदान दिया जा रहा है, जिससे गांवों का वातावरण स्वच्छ और बेहतर बन रहा है।



### गरीब परिवारों को मिला पक्का मकान

मुख्य अतिथि श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद रुके हुए लगभग 18 लाख ग्रामीण आवासों को मंजूरी दी गई। इससे गरीब परिवारों का पक्का मकान बनाने का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से महतारी वंदन योजना की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि इस योजना के तहत उन्हें हर महीने 1 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे घरेलू जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद मिल रही है। इस अवसर पर जमुना कुर्रे, हरप्रसाद वर्मा, देवकुमार सेन, नरेश कुर्रे, जितेंद्र साहू, मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार समाचार

### ओडिसा से बगैर दस्तावेज खाद की सप्लाई, ट्रक जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में किसानों को सहकारी एवं निजी क्षेत्रों के माध्यम से आवश्यक मात्रा में उर्वरकों का सुगम, पारदर्शी एवं निर्धारित दर पर वितरण सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की अवैध जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परसबोड़ में खड़े ट्रक क्रमांक ओडी 17 एस 7676 की जांच की गई। ट्रक में बायो पोटाश 37 बैग, ग्रो सुपर दानेदार 160 बैग कुल 197 बैग खाद बिना किसी वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से पाया गया। पूछताछ करने पर ट्रक के वाहन चालक ने खाद संबलपुर ओड़िसा से लेकर राजनांदगांव में खाली करने के संबंध में जानकारी दी। कृषि विभाग द्वारा खाद से भरे ट्रक को जब्त कर कार्रवाई करते पुलिस थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया।



### 14 आवेदकों को मिला तत्काल नियुक्ति पत्र

**राजनांदगांव।** जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमनी परिसर में किया गया। उप संचालक रोजगार व्हीके केडिया ने बताया कि रोजगार मेला में विभिन्न नियोजकों द्वारा 510 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया। नियोजकों द्वारा प्रारंभिक स्तर पर विभिन्न पदों के लिए 128 आवेदकों का चयन किया गया। साथ ही मेला स्थल पर 14 आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। अन्य आवेदकों की चयन प्रक्रिया जारी है। आवेदकों को रोजगार पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। आगामी रोजगार मेला का आयोजन 8 जुलाई 2026 को किया जाएगा।

### कलेक्टर जनदर्शन से मिली राहत

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन की त्वरित पहल से राजनांदगांव शहर के रामनगर मोतीपुर निवासी सरस्वती सोनी को राशन और महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है। रामनगर मोतीपुर निवासी सरस्वती सोनी को कई महीनों से राशन और महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में जीवन-यापन कर रही सरस्वती सोनी ने अपनी समस्या लेकर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच एवं निराकरण के निर्देश दिए। आवेदन के परीक्षण में पता चला कि आधार अपडेट नहीं होने के कारण उन्हें दोनों योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा था। इसके बाद प्राथमिकता के आधार पर उनका आधार अपडेट कराया गया तथा महतारी वंदन योजना और राशन कार्ड के लिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण की गई। आवश्यक कार्रवाई पूरी होने के बाद उन्हें दोनों योजनाओं का लाभ नियमित रूप से मिलने लगा। सरस्वती सोनी ने बताया कि उनके पति का दो वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। पति के निधन के बाद वे अकेले रहकर दूसरों के घरों में खाना बनाने और छोटे बच्चों की मालिश का कार्य कर अपना जीवन-यापन कर रही है। योजनाओं का लाभ बंद होने से उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### जल संरक्षण के लिए बने सोख्ता गड्ढा : फूलबासन

**राजनांदगांव।** ग्राम टेमरी में बुधवार को आयोजित जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते फूलबासन यादव ने कहा कि जल संरक्षण के लिए प्रत्येक परिवार में एक सोख्ता गड्ढा बनाना आवश्यक है। इससे घरों से निकलने वाला व्यर्थ पानी का संचय एवं भू-जल पुनर्भरण किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि वे पिछले सात दिनों से लगातार गांव-गांव जाकर जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने देखा है कि भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं अपने घरों से निकलकर जल बचाने की मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभा रही है और इसकी अगुवाई कर रही है। फूलबासन यादव ने कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अभी से कार्य करने की आवश्यकता है। बरसात आने के बाद अधिकांश लोग खेती-किसानी के कार्यों में व्यस्त हो जाते हैं, इसलिए वृक्षारोपण की तैयारी अभी से शुरू करनी होगी। पौधे लगाने के लिए गड्ढों की खुदाई समय रहते कर ली जाए तथा पौधों को सुरक्षित स्थानों पर लगाकर उनका संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, सरपंच राधा यादव, क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी, बिहान के कैडर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### संदिग्ध देह व्यापार का मामला, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, दुकान सील करने की मांग

**राजनांदगांव।** मंगलवार के दोपहर शहर के जमातपारा गुरुद्वारा के बाजू गली में स्थित नगर निगम की दुकान क्रं. 10 में कथित देह व्यापार का मामला सामने आया था। जिसको लेकर अब वार्ड के लोगों ने आक्रोश जताते उक्त दुकान पर कार्रवाई करने मांग की है। वार्ड के लोगों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम से अनैतिकृत में लिप्त उक्त दुकान को सील करने का आग्रह किया है, ताकि वार्ड में बेहतर वातावरण कायम हो सके। ज्ञापन देने पहुंचे वार्ड के लोगों ने बताया कि दुकान के अंदर शटर डाउन कर 2 लड़कियां और 3 लड़कों को गलत कार्य करते हुए वार्डवासियों द्वारा पकड़ा गया। नागरिकों ने बताया कि व्यवस्थापन के तहत पवन पोद्दार नामक व्यक्ति को दुकान क्र. 10 आवंटन किया गया था, जिस पर उसके बेटे सुंदर पोद्दार द्वारा प्रॉपर्टी डीलिंग व फाइनेंस की आड़ में अपने सहयोगी अप्पू जैन जो कि पूर्व में अनेक बार जिस्मफरोशी के व्यापार में जेल जा चुका है। वार्ड के लोगों ने उक्त दुकान की सील करने की मांग की है।



### मस्तुरिहा व खुमान के नाम पर रोपे गए पौधे

**राजनांदगांव।** पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा छत्तीसगढ़ गीतों में प्रकृति प्रेम विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। लोक सांस्कृतिक संस्था धरोहर कार्यालय कन्हारपुरी में आयोजित उक्त कार्यक्रम में साहित्य समिति की ओर से लोक गायक महादेव हिरवानी को आम और पीपल का पौध प्रदत्त करते संस्था कार्यालय में जन कवि मस्तुरिहा और संगीतकार खुमान साव के नाम पर पौधरोपण कर किया गया। इस दौरान दोनों पौधों को लहलहाने के लिए खाद्य-पानी सिंचन कवयित्री सुषमा शुक्ला व लोक गायिका शिवानी जंघेल द्वारा किया गया। काव्य गोष्ठी की शुरूआत कवि मस्तुरिहा के गीत से हुई। अध्यक्षता करते हुए आत्माराम कोशा ने अनने विचार व्यक्त किए। साहित्य समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने प्रकृति श्रृंगार के लिए पेड़-पौधों का होना जरूरी बताया। कवि गजेंद्र हरिहारणो, कवि थंगेश्वर कुमार साहू, कवि विरेंद्र कुमार रंगारी, लोक गायिका शिवानी जंधेल, कवि लखनलाल साहू, रौशन साहू, कवयित्री सुषमा अंशुमन, कवि कथाकार मानसिंह, कवि ओमप्रकाश साहू, आनंदराम सार्वा, कवि जीवन लाल, लोक कलाकार पप्पू ने अपने-अपने विचार रखे। काव्य गोष्ठी का समापन चंदैनी-गोंदा के गीत के साथ किया गया।



## कलेक्टर ने ली बैठक, कहा: समय सीमा पर पूरा करें निर्माण काम

# सड़क निर्माण के काम में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्माण एजेंसी एवं कान्ट्रेक्टर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधोसंरचना को मजबूत करने सभी निर्माण एजेंसी गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। उन्होंने कान्ट्रेक्टर्स को चेतावनी देते कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान बेरिकेट्स जरूर लगाए। जिससे सड़कें अच्छी तरह बनेंगी। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सड़कों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रोड कनेक्टिविटी से विकास कार्यों को गति मिलती है और आवागमन की सुविधा बढ़ती है। उन्होंने सड़कों के निर्माण का कार्य यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए।




### भवन निर्माण कामों की समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान आ रही पोल शिफ्टिंग, पाईप लाइन सहित अन्य समस्याओं को दूर करें। उन्होंने भवन निर्माण कार्य अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यालय एवं आवासीय परिसर में गृह निर्माण, हाईस्कूल भवन निर्माण की समीक्षा की।

### समय-सीमा में पूर्ण करें काम

राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, राजनांदगांव के गोपालपुर से गिधवा मार्ग के डामरीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण, राजनांदगांव के डोंगरगांव बस्ती के फोरलेन निर्माण कार्य, सुखरी-झींका-दिवानभेड़ी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, सुरगी के कोटराभाठा मार्ग, डोंगरगढ़ के छीपा से बड़े कुसमी मार्ग सहित विभिन्न सड़कों के निर्माण की सघन समीक्षा की एवं यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### शहर के निर्माण कामों में लाए तेजी

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग सेतु अंतर्गत उच्च स्तरीय पुल निर्माण एवं नवीन पुल निर्माण एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सड़कों में बीटी कार्य की प्रगति, रिटेनिंग वॉल, सीसी निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिकता के साथ प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत नवागांव से मासूलजोब, करमरी से ग्वालीनडीह तथा नवीनीकरण कार्य अंतर्गत गठुला से तुमड़ीलेवा, मुड़ीपार से मनगटा, पटेवा से बिजेतला सहित विभिन्न प्रगतिरत सड़कों के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आदिवासी विकास विभाग तथा डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया तथा नगरीय पंचायतों के निर्माणाधीन कार्यों की भी समीक्षा की।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, 48 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर 48 पौवा देशी शराब जब्त कर कार्रवाई की गई है।



जिले में अवैध गतिविधियों, विशेषकर अवैध शराब बिक्री, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### बायपास रोड किनारे दबिश

इसी क्रम में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में 10 जून को प्राप्त सूचना पर मोहारा बायपास रोड किनारे दबिश देकर आरोपी रोहित कुमार मंडावी 27 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया।

### आरोपी गिरफ्तार

आरोपी के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन शेरा शराब कीमती 3840 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## भाजपा महिला मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड ने महिला मोर्चा के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की है।

डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, महामंत्री नमिता चौबे, संगीता राजपूत, उपाध्यक्ष, काजल डोंगरे, हेमतला तिवारी, कृष्णा श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, मंत्री मधु ठाकुर, सुलभा सिंह, उमरावती शाह, कोषाध्यक्ष गुड्डी मटीयारा, मीडिया प्रभारी वत्सला श्रीवास्तव, सह-मीडिया प्रभारी अनिता इंदुरकर, मन की बात शारदा यादव, सांस्कृतिक प्रभारी पोलेश्वरी यावद, सोशन मीडिया जया राव, प्रवक्ता सुरेखा साखरे, कार्यालय प्रभारी सावित्रि यादव को शामिल किया गया है। इसी तरह मुसरा-मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष रामेश्वरी वर्मा, महामंत्री आशाबाई दुबे, उषा सिन्हा, उपाध्यक्ष चिन्मेश्वरी साहू, विशाखाबाई वर्मा, नीता टेम्भुरकर, प्रमिला वर्मा, कोषाध्यक्ष सरिता सिन्हा, मंत्री मंजू रात्रे, धनकुंवर वर्मा, सुखमणी मंडावी, अमीलाबाई देवांगन, मीडिया प्रभारी दिलेश्वरी गोस्वामी, सोशल मीडिया प्रभारी सतरूपा कंवर, सोशल मीडिया सह-प्रभारी यशोदा मेश्राम, बूथ मित्र प्रभारी तीजन वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी मोनिका निषाद, प्रवक्ता उषा चौहान, कार्यालय प्रभारी सुशीला साहू, मन की बात टीयान चंद्रवंशी। घुमका मंडल अध्यक्ष नुतन साहू, महामंत्री तोमेश्वरी निषाद, संगीता यादव, उपाध्यक्ष पिंकी पटेल, ज्योति गायकवाड़, पुष्पा साहू, मंत्री नागेश्वरी साहू, लालेश्वरी, धनेश्वरी साहू, राधिका मंडावी, कोषाध्यक्ष लीना यादव, मीडिया प्रभारी दामिनी साहू, सोशल मीडिया प्रभारी सरिता साहू। छुरिया मंडल अध्यक्ष राधिका चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष द्रौपती मंडावी, मनीषा यदु, ललेश्वरी धावड़े, रेखा गंधर्व, हेमलता चंदेल, महामंत्री उत्तरा निषाद, सलूजा कोमरे, मंत्री चुनिया कंवर, आशाबाई कोर्राम, उर्मिला नायडु, सुनिता सेवता, महेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष उषा यादव, मीडिया प्रभारी दीपा सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी विनीता बावनथड़े, सोशल मीडिया सह-प्रभारी रितू साहू, मन की बात प्रमुख गौरी सिन्हा, कार्यालय प्रभारी गुणीतबाई साहू शामिल हैं।

## केबल तार काटकर चोरी

**राजनांदगांव।** खेत में लगे बोर का केबल वायर व स्टार्टर को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चारभांठा में खेत में बने बोर घर में लगे बोशी मशीन को निकालकर एवं रोल पाइप, स्टार्टर, ड्रिपर को अज्ञात चोर ने तोड़फोड़ किया। वहीं बोर में लगे मोटर पंप को पाईप से तोडकर एवं मोटर पंप में लगे केबल वायर तार को स्टार्टर को तोड़कर निकालकर चोरी कर लिया। वहीं दूसरे खेत के बोर में लगे केबवयर वायर एवं मोटर पंप, पाईप, स्टार्टर, ड्रिपर को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### पशु सखी दीदीयों का फील्ड विजिट

**राजनांदगांव।** ए-हेल्प मॉड्यूल अंतर्गत पशु सखी प्रशिक्षण अंतर्गत बड़ौदा आरसेटी राजनांदगांव में संचालित पशु सखी प्रशिक्षण के प्रशिक्षार्थी दीदी का 10 जून को एक दिवसीय विजिट कार्यक्रम अंजोरा स्थित शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जहां उप संचालक डॉ. एके नायर द्वारा पशु सखी दीदीयों को बकरी, गाय, मुर्गी के जीवनकाल व उनकी प्रजनन क्षमता, देखभाल, एआई टेक्निक, चारा प्रबंधन, उनमें होने वाले रोग व उनका रोकथाम, टीकाकरण इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। वहां के डेयरी यूनिट, चारागाह व शाहीवाल नस्ल के गाय को दिखाया गया। इसमें होने वाले टैगिंग व इनके लाभ के बारे मे भी बताया गया। इस मौके पर इनके मास्टर ट्रेनर डॉ. अजय कुमार शर्मा भी उपस्थित थे। भ्रमण का उद्देश्य महिलाओं को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा उन्हें पशुपालन एवं ग्रामीण आजीविका से संबंधित गतिविधियों के प्रति जागरूक बनाना था।



## बिक्री किए गए धान की राशि नहीं देने का लगाया आरोप

■ किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**राजनांदगांव।** किसानों द्वारा व्यापारी को धान बेचने के बाद भी बिक्री किए गए धान की राशि नहीं देने का मामला सामने आया है। किसानों ने इस मामले में व्यापारी द्वारा धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की है। वहीं किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से बिक्री की गई धान की राशि दिलाने गुहार लगाई है। इस मामले में कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जांच के निर्देश जारी किए है।

किसान लोमस पटेल, अशोक, अखिलेश, सियाराम सहित अन्य किसानों ने कहा कि वह अपने गर्मी फसल की धान को बांधाबाजार स्थित मुरारी ट्रेडर्स में विगत एक वर्ष पूर्व से विक्रय किए हैं, लेकिन आज तक फर्म के संचालक मुरारीलाल खंडेलवाल द्वारा फसल की राशि का भुगतान नहीं किया है। उनके पास राशि के लिए जाने पर वे राशि देने में लगातार आनाकानी कर रहे हैं। अब मुरारीलाल द्वारा राशि नहीं दूंगा कहा जा रहा है। किसानों ने कहा कि सभी किसान उनके कर्मचारी चेतन साहू के माध्यम से धान का विक्रय किए थे।



### लाखों रुपए भुगतान बाकी

कृषक लोमस पटेल ने 110 क्विंटल धान 18 सौ रुपए प्रति क्विंटल के दर से विक्रय किया था। जिसकी कुल राशि 1,98,000 रुपए है। वहीं कृषक अशोक, अखिलेश, सियाराम द्वारा विक्रय धान की मात्रा 102 क्विंटल 1770 रुपए की दर 1,80,540 रुपए, कृषक मुकेश द्वारा विक्रय धान की मात्रा 144 क्विंटल 1780 रुपए की दर से 2,56,320 रुपए, कृषक सत्तार द्वारा विक्रय धान की मात्रा 150 क्विंटल 1770 रुपए की दर से 2,65,500 रुपए है। जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है।

### अपराध दर्ज कर राशि दिलाए

अन्नदाताओं के धान को खरीद कर 1 वर्ष तक भुगतान ना करना अक्षम्य अपराध है ऐसे लोगों पर अपराध दर्ज, संपति कुर्क कर कृषकों को राशि दिलायी जानी चाहिए। किसानों को अब की फसल के लिए भी राशि की जरूरत होगी। धान क्रय विक्रय पंजी की भी जांच की जानी चाहिए।

**-रूपेश दुबे,** प्रवक्ता छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी

### किसानों के साथ छल करने का आरोप

शिकायत करने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा मुरारी ट्रेडर्स का मंडी लाईसेंस होने के कारण उक्त सभी किसान धान का विक्रय किए, लेकिन व्यापारी द्वारा किसानों के साथ छल किया गया। किसानों ने कहा कि फसल की राशि का भुगतान नहीं करने से सभी किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रशिक्षण शिविर का समापन

**राजनांदगांव।** दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन 10 जून को दिग्विजय स्टेडियम में किया गया। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष सुशील कोठारी, स्टेडियम समिति के वरिष्ठ सदस्य रमेश डाकलिया उपस्थित थे।

शिविर में 10 मई से टेबल टेनिस, शतरंज, स्नूकर बिलियर्ड, पूल टेबल का प्रशिक्षण लगभग 130 बच्चों ने उक्त खेलों के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त किया। अतिथियों का स्वागत स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल, सह-सचिव योगेश बागड़ी, प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर एवं तीरथ गोस्वामी ने किया।

समिति के सचिव रमेश पटेल ने खेलप्रेमियों को श्वस्त किया कि इसी तरह आगे भी शतरंज, टेबल टेनिस, पुल टेबल बैडमिंटन, क्रिकेट,बास्केटबॉल सहित कई अन्य खेलों के प्रशिक्षण यहां वर्षभर जारी रहेंगे। महापौर मधुसूदन यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि खेल से जुड़े नवनियुक्त सचिव एवं सह-सचिव की नियुक्ति के पश्चात खेलों के प्रति लगातार गतिविधियां जारी रहेगी। वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख ने बताया कि जनता एवं खेल प्रेमियों की मांग पर डॉ. रमन सिंह ने खेल से जुड़े सचिव रमेश पटेल एवं सह-सचिव योगेश बागड़ी की नियुक्ति स्टेडियम समिति में करने के बाद लगातार खेल गतिविधियां को सुचारू रूप से व्यवस्थित देखा जा रहा है। समारोह का संचालन सुजीत द्विवेदी, समिति के सह-सचिव योगेश बागड़ी ने किया।

## ओव्हर रेट पर शराब बिक्री, उपनिरीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में संचालित कम्पोजिट शराब दुकान गण्डई में निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर शराब बेचे जाने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद सहायक जिला आबकारी अधिकारी उमेश कुमार अग्रवाल एवं संतोष दुबे सहायक आबकारी उपनिरीक्षक राज्यस्तरीय उड़नदस्ता की संयुक्त टीम द्वारा उक्त दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



इस दौरान विक्रयकर्ता वेदप्रकाश निर्मलकर द्वारा शासन से निर्धारित विक्रय दर 80 रुपए पौवा की शराब तीन पौवा के लिए 240 रुपए के स्थान पर 250 रुपए में बिक्री करना पाया गया। इस दौरान ग्राहकों से 10 रुपए अधिक दर पर शराब बिक्री पाई गई। अनियमितता पाए जाने पर विक्रयकर्ता वेदप्रकाश निर्मलकर के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 39 (ग) के तहत अधिक दर पर मदिरा विक्रय का प्रकरण बनाया गया।

### कार्य में लापरवाही से निलंबित

अधिक दर पर शराब बेचने का पूरा मामला प्रभाकर सिरमौर आबकारी उप निरीक्षक के प्रभार क्षेत्र में आता है। उनके प्रभार क्षेत्र में इस प्रकार की गंभीर अनियमितता को देखते हुए उनके द्वारा कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही पाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत आबकारी उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### आबकारी अधिकारियों को नोटिस

जिले में अधिक दर पर शराब बिक्री मामले को गंभीरता से लेते जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे और सहायक जिला अधिकारी चंदन प्रताप सिंह को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। नोटिस में कहा गया है कि उनके प्रभार क्षेत्र में ओवर रेट पर शराब ब्रिकी उनकी शिथिल नियंत्रण, कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है। इस पूरे प्रकरण में दोनों अधिकारियों से सात दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है और संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

## प्री बी.एड में 699, बी.एससी. नर्सिंग प्रवेश में 267 रहे अनुपस्थित

**राजनांदगांव।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित प्री बी.एड. प्रवेश परीक्षा एवं बी.एससी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

प्री बी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 10 परीक्षा केंद्रों में कुल 3076 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2377 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 699 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार बी.एससी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित 5 परीक्षा केंद्रों में कुल 1202 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 935 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 267 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन व्यापम के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया गया। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए गए थे। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग एवं पहचान सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी की गई।



### तगड़ी सुरक्षा में परीक्षा

परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी एवं अन्य आवश्यक प्रबंध सुदृढ़ बनाए गए थे। नियुक्त प्रेक्षक, एफएसटी दल, सेक्टर अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सभी केंद्रों की सतत निगरानी की गई। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा व्यवधान की सूचना प्राप्त नहीं हुई। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से दोनों प्रवेश परीक्षाओं का सफलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित किया गया।

## जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा राजनांदगांव ने जिला कार्यालय स्थित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय 10 जून 2025 में उल्लिखित निर्देशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन) नियम, 2013 के प्रचलित नियमों में संशोधन करने हेतु उत्तराखंड राज्य की भांति छत्तीसगढ़ राज्य में भी जाति प्रमाण पत्र जारी करने कट ऑफ डेट 01 नवम्बर 2000 लागू किए जाने की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर कलेक्टर के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया है।



डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू को ज्ञापन के संबंध में जानकारी दी गई कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 10 जून 2025 को राज्यों के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में स्पष्टीकरण पत्र को जारी एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी सक्षम अधिकारियों द्वारा पत्र में उल्लेखित भारत सरकार के निर्देशों की अवहेलना की जा रही है। जिला स्तर पर इन अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।

**खबर संक्षेप**

### बहुजन समाज पार्टी की जिला इकाइयों का गठन



**कवर्धा।** बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में संगठन की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में बेमेतरा एवं कबीरधाम (कवर्धा) जिला इकाइयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी भूषण नादिया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं की सहमति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बेमेतरा जिले के जिलाध्यक्ष पद पर नैनदास गायकवाड़ तथा कबीरधाम (कवर्धा) जिले के जिलाध्यक्ष पद पर शशीकपूर बंजारे को नियुक्त किया गया। पार्टी ने दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा जिला कार्यकारिणी की सूची शीघ्र प्रदेश कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए।

### 17 जून को कवर्धा में लगेगा रोजगार मेला

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 17 जून को रोजगार मेला काली माता मंदिर के पास ठाकुर पारा स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में लगेगा। मेले में तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती होगी।

**समारोह:** पदभार ग्रहण में समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया

# सरिता मिश्रा ने संभाली नपं लोहारा अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सरिता मिश्रा ने बंपर जीत दर्ज करने के बाद गुरुवार को अध्यक्ष पद की शपथ लेकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थें।

शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह के दौरान समर्थकों ने सरिता मिश्रा का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। नगरवासियों को उम्मीद है कि सरिता मिश्रा अपने दिवंगत पति के अधूरे सपनों को साकार करते हुए नगर विकास की नई दिशा तय करेंगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद स्व. संतोष मिश्रा के निधन के बाद रिक्त हुआ था। भाजपा ने उनकी पत्नी सरिता मिश्रा को प्रत्याशी बनाया था, जिन्हें जनता का व्यापक समर्थन मिला और उन्होंने शानदार जीत हासिल की। शपथ एवं पदभार ग्रहण समारोह के दौरान सरिता मिश्रा अपने दिवंगत पति को याद कर भावुक हो गईं। पति के सपनों को साकार करने का लिया संकल्प पदभार ग्रहण करने के बाद सरिता मिश्रा ने कहा कि स्व. संतोष मिश्रा ने नगर के विकास के लिए कई योजनाएं बनाई थीं और अनेक कार्यों की शुरुआत भी की थी, लेकिन उनके असमय निधन से कई योजनाएं अधूरी रह गईं। उन्होंने कहा कि वे अपने पति के अधूरे सपनों को पूरा करने और नगर के विकास को नई गति देने के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगी। उन्होंने नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान राजेन्द्र चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू, रामकुमार भट्ट, सियाराम साहू, जसविंदर बग्गा, मुकेश ठाकुर सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थें।



**यह पूरे नगर की जीत : सरिता**

सरिता मिश्रा ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और नगर की जनता को देते हुए कहा कि यह केवल उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि पूरे नगर की जीत है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से विकास के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं चुनाव संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भाजपा नेता गोपाल साहू ने भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास से यह सफलता संभव हुई है।

# प्यास बुझाने बनाई क्षेत्र की नल जल पानी टंकियां बनीं शोपीस

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेजयल, बढ़ी परेशानियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई, पानी टंकियां ग्रामीणों की प्यास बुझाने के बजाय शोपीस बनकर रह गई हैं। गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित इन टंकियों से आज तक कई स्थानों पर एक बूंद पानी भी ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पानी टंकियों का निर्माण कराया गया, लेकिन अधिकांश योजनाएं शुरू ही नहीं हो सकीं। कई स्थानों पर टंकियां बनकर तैयार हैं, फिर भी जलापूर्ति नहीं हो रही है, जबकि कुछ जगहों पर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। सुशासन तिहार के दौरान भी ग्रामीणों ने पेयजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। लोगों ने अधिकारियों के समक्ष शिकायत करते हुए बताया कि नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकियां केवल देखने के लिए खड़ी हैं, लेकिन गांवों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके कारण लोगों को आज भी पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुण्डा, दामापुर, कोलेगांव, सोढ़ा, अंधियारखोर, अमली-मालगी, कुआंमालगी, पथरी, भटरूसे, कंझेटी, बसनी, भगतपुर, धनेली, कंझेटा, पीपरमाटी, निगापुर और महुआमड़वा सहित अनेक गांवों में पानी टंकियों की स्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है। कहीं टंकियां पूरी तरह बंद पड़ी हैं तो कहीं जलापूर्ति व्यवस्था अधूरी है। कई गांवों में पूरे क्षेत्र को नियमित पानी सप्लाई नहीं मिल पा रही है।

**बंद पड़ी योजनाओं को जल्द चालू कराए जाने की अपील**

ग्रामीणों का आरोप है कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए खर्च की गई बड़ी राशि का अपेक्षित लाभ लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ग्रामीणों को मिलने के बजाय वे आज भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। सुशासन तिहार के दौरान अंधियारखोर सहित विभिन्न गांवों में इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच चर्चा भी हुई।
ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़ी योजनाओं को जल्द चालू कराया जाए तथा अधूरे कार्यों को पूरा कर प्रत्येक घर तक नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि योजना का वास्तविक लाभ आम जनता को मिल सके।

# कालिका धाम हरिद्वार में पूज्य गुरुदेव का मिला स्नेह व सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अनंत विभूति, श्रीश्री 1008, आचार्य महामंडलेश्वर, कालिका पीठाधीश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज से विश्वगुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष महंत श्रवण गिरी गोस्वामी ने देवभूमि उत्तराखंड स्थित निरंजनी अखाड़ा, कालिका पीठ हरिद्वार में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर महंत श्रवण गिरी गोस्वामी ने श्रीफल, भगवा अंगवस्त्र एवं दक्षिणा अर्पित कर गुलाब की माला से गुरुदेव का स्वागत किया।

वहीं गुरुदेव ने भी महंत श्रवण गिरी गोस्वामी का श्रीफल एवं भगवा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मान किया तथा अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। भेंट के दौरान छत्तीसगढ़, विशेषकर कबीरधाम जिले के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। गुरुदेव ने समाज में धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार हेतु निरंतर कार्य करने का संदेश दिया।

संक्षिप्त आध्यात्मिक प्रवचन में महाराज ने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए मन, हृदय और विचारों का स्वच्छ एवं निर्मल होना आवश्यक है। व्यक्ति को सदैव प्रेम, सेवा, करुणा, सदाचार और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीना चाहिए। जब मनुष्य अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष से दूर रहकर सत्कर्म करता है, तब वह ईश्वर के और अधिक निकट पहुंचता है। वहीं गुरुदेव के प्रेरणादायी वचनों एवं आशीर्वाद से उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

### पीएम के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण, अजा मोर्चा ने गुरुद्वारा में किया चौका आरती



**कवर्धा।** भारत के यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री के अगुवाई में केंद्र सरकार के गौरवपूर्ण 12 वर्ष पूर्ण होने तथा लगातार लंबे समय तक देश को अपना सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला भारतीय जनता पार्टी अजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा कबीरधाम जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा अजा मोर्चा नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार जिला भाजपा अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे के नेतृत्व में गत दिनों बुधवार को जिला मुख्यालय कबीरधाम के मिनी माता चौक स्थित गुरुद्वारा में चौका आरती एवं व्यापक स्वच्छता चलाया गया तथा देश के सुख समृद्धि और जनकल्याण के लिए विशेष पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुवात मिनीमाता चौक में स्वच्छता से हुई जिसमें अजा मोर्चा के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियो कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई एवं महाआरती का आयोजन कर राष्ट्र की उन्नति नागरिकों के स्वास्थ्य समृद्धि और देश की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास सुशासन जनहित और आत्मनिर्भर के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की है।

# 6 माह से नहीं मिली पेंशन, देवा सोनवानी ने लगाई मदद की गुहार

- कई महीनों से पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा निवासी दिव्यांग देवा सोनवानी ने आरोप लगाया है कि उन्हें पिछले 5 से 6 माह से दिव्यांग पेंशन नहीं मिली है। पेंशन राशि नहीं मिलने के कारण उन्हें अपने दैनिक जीवन और घरेलू खर्चों को चलाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

देवा सोनवानी ने बताया कि वे दिव्यांग हैं और सामान्य लोगों की तरह मजदूरी या अन्य कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। उनका आवागमन भी व्हीलचेयर एवं अन्य सहारे पर निर्भर है। ऐसे में सरकार द्वारा मिलने वाली पेंशन ही उनके जीवन-यापन का प्रमुख साधन है। इसी राशि से वे घरेलू खर्च, दवाइयों और आवश्यक सामान की व्यवस्था करते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से पेंशन नहीं मिलने के कारण आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। घर का खर्च चलाने के लिए उन्हें इधर-उधर से उधार लेना पड़ रहा है। पेंशन बंद होने से उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। देवा सोनवानी का कहना है कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सहायता पहुंचाना है, लेकिन जब समय पर पेंशन नहीं मिलती तो दिव्यांगजनों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उनके जैसे कई अन्य दिव्यांग भी पेंशन के भरोसे अपना जीवन यापन करते हैं और परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

जिस पर उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि लंबित पेंशन राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए तथा नियमित रूप से पेंशन उपलब्ध कराई जाए, ताकि दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द समाधान करने की मांग की है।

# वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था द्वारा भारत माता चौक में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी स्व. हजारी लाल जैन के योगदान को स्मरण किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष इंजीनियर एसएस जैन ने बताया कि उनके पिता स्व. हजारी लाल जैन ने मात्र 12 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के खिलाफ नारे लगाए, जिसके कारण उन्हें जेल जाना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और कई बार यातनाएं भी सहीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1933 में धमतरी क्षेत्र के असहयोग आंदोलन के दौरान स्व. हजारी लाल जैन को महात्मा गांधी की कार चलाने का अवसर मिला। उन्होंने गांधी को धमतरी से बिलासपुर तक विभिन्न स्थानों के दौरे में वाहन चलाकर सहयोग दिया था।
कार्यक्रम में भारत माता, वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु ने स्व. हजारी लाल जैन के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# रुखमणी विवाह प्रसंग में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षक कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामाधार सिंह ठाकुर के निज निवास में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में गुरूवार को रूखमणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य पंडित रमाकांत शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रूखमणी के दिव्य विवाह की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया।

आचार्य शुक्ला ने कहा कि माता रूखमणी की अटूट श्रद्धा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पण ही उन्हें भगवान का सान्निध्य दिलाने का कारण बना। रूखमणी विवाह प्रसंग भक्त और भगवान के बीच अटूट विश्वास तथा सच्ची भक्ति का प्रतीक है। कथा के दौरान उन्होंने प्रसंग से जुड़े विभिन्न आध्यात्मिक पहलुओं को सरल एवं रोचक शैली में प्रस्तुत किया, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे।

संगीतमय भागवत कथा का शिक्षक कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु प्रतिदिन बड़ी संख्या में आनंद ले रहे हैं। रूखमणी विवाह प्रसंग के अवसर पर आकर्षक झांकी भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल हुए। विवाह उत्सव का वातावरण देखते ही बन रहा था और उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

कथा आयोजन वरिष्ठ पत्रकार अविनाश ठाकुर के निज निवास में आयोजित किया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन दोपहर से हरि इच्छा तक आयोजित इस भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षक कॉलोनी वासियों ने भी कथा का श्रवण कर रूखमणी विवाह प्रसंग का आनंद लिया।

**अध्यक्ष पद के मुकाबले में 110 मत प्राप्त कर जीत हासिल की**

# अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने पोखराज सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला न्यायालय स्थित बार रूम में 10 जून को अधिवक्ता संघ कबीरधाम का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता चंद्रशेखर ठाकुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता तारकेश्वर जायसवाल की देखरेख में संपन्न कराई गई। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। चुनाव में कुल 180 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 172 अधिवक्ताओं ने मतदान किया।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में पोखराज सिंह परिहार ने 110 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि प्रकाश चंद्रवंशी को 62 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम नाथ योगी 93 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी राजेश पाठक को 79 मत मिले। सचिव पद के लिए लक्ष्मी नारायण तिवारी ने 113 मत हासिल कर विजय प्राप्त की, जबकि राजेश शुक्ला को 59 मत मिले। सह सचिव पद पर प्रकाश चंद्रवंशी ने 101 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। विष्णु चंद्रवंशी को 68 मत मिले, जबकि 3 मत नोटा के पक्ष में पड़े। कोषाध्यक्ष पद पर सुरेश तिवारी 93 मतों के साथ निर्वाचित हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जलेश्वर साहू को 78 मत मिले तथा 1 मत नोटा को प्राप्त हुआ। ग्रंथपाल पद पर चंद्रप्रताप राजपूत ने 98 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि अतीत परिहार को 73 मत मिले। क्रीड़ा सचिव पद पर मुकेश कौशिक ने 121 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। उनके प्रतिद्वंद्वी अतीत परिहार को 51 मत मिले। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद पर सविता अवस्थी एवं सह सचिव पद पर उज्जवला सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं। निर्वाचन अधिकारियों की सहमति से अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण तिवारी ने चुनाव परिणामों की जानकारी दी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संघ के हित में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## प्री-मानसून के पहले अब किसान धान की ओनारी व बुवाई का कार्य किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

बंगाल की खाड़ी पर धीरे-धीरे अब दबाव होने के कारण लगातार बादल छाए हुए हैं, कभी तापमान अधिक तो कभी तापमान कम होने लगा है जिनके कारण से जिले में आंधी तूफान के साथ बारिश होने लगता है तो कभी अचानक तापमान बढ़ जाता है, ऐसा उतार-चढ़ाव जिले में नजारा दिखाई दे रही है। इस कारण से कवर्धा विकासखंड के ग्राम सारंगपुर खुर्द के किसान महादेव ठाकुर ने इन समय अपनी तीन एकड़ खेतों में देशी सरना धान की ट्रैक्टर के माध्यम से ओनारी कर बुवाई का कार्य शुरू कर दी गई, अब किसान बोर के सहारे खेतों में पानी डालने जुटे हुए है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जून तक

**कवर्धा।** जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) कवर्धा, पंडरिया, सहसपुर लोहारा, बोड़ला एवं पिपरिया में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई 2026 से 15 जून 2026 रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्था प्रबंधन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी आईटीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# केशदा-अकलाआमा लौह अयस्क खनन अनुशंसा निरस्त करने की मांग

- राजा खड्गराज सिंह ने क्षेत्रीय विधायक व कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा



केशदा-अकलाआमा लौह अयस्क ब्लॉक को खनन के लिए आरक्षित किए जाने संबंधी जिला प्रशासन की अनुशंसा का विरोध तेज हो गया है।

क्षेत्र के निवासी राजा खड्गराज सिंह ने कलेक्टर कबीरधाम के साथ क्षेत्रीय विधायक को आवेदन सौंपकर 8 जून 2026 को भेजी गई अनुशंसा को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र केवल खनिज संपदा का क्षेत्र नहीं, बल्कि कबीरधाम जिले की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। यह क्षेत्र घने वनों, पहाड़ियों, प्राकृतिक जल स्त्रोतों तथा समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है, जहां अनेक वन्यजीव एवं पक्षियों का प्राकृतिक आवास है। खनन गतिविधियों से बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई, धूल एवं ध्वनि प्रदूषण तथा भारी वाहनों की आवाजाही के कारण पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचने की आशंका जताई गई है।

आवेदन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र के नीचे जगमड़वा जलाशय का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में लोहारा नगर, बानो तथा आसपास के कई गांवों को पेयजल और सिंचाई जल उपलब्ध कराने की योजना है। खनन से जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र के प्रभावित होने, वर्षा जल संचयन में कमी आने तथा मिट्टी और सिल्ट जमा होने से जलाशय की भंडारण क्षमता घटने की आशंका व्यक्त की गई है।

### क्षेत्र में गहरा सकता है भविष्य में और अधिक जल संकट


फाईल फोटो

आवेदक ने कहा है कि लोहारा क्षेत्र पहले से ही गिरते भूजल स्तर और गर्मी के मौसम में पेयजल संकट की समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में जलग्रहण क्षेत्रों, पहाड़ियों और वनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। खनन गतिविधियों से भूजल पुनर्भरण की प्राकृतिक प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है, जिससे भविष्य में जल संकट और गंभीर होने की संभावना है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि यदि प्रस्तावित क्षेत्र में चारागाह, निस्तारी या अन्य सामुदायिक उपयोग की भूमि शामिल है तो इससे ग्रामीणों और पशुपालकों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही किसी भी अंतिम निर्णय से पहले प्रभावित ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकायों और नागरिकों से व्यापक परामर्श तथा जनसुनवाई कराने की मांग की गई है।

### अंतिम निर्णय से पहले जनसुनवाई और ग्राम पंचायतों से परामर्श लेने की मांग

राजा खड्गराज सिंह ने कलेक्टर से खनन क्षेत्र एवं जगमड़वा जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावों का स्वतंत्र वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय अध्ययन कराने, भूजल, पेयजल, वन्यजीव एवं जैव विविधता पर संभावित प्रभावों का विस्तृत मूल्यांकन कराने के साथ जगमड़वा जलाशय एवं जलग्रहण क्षेत्र पर स्वतंत्र अध्ययन कराया जाए, भूजल, वन्यजीव और जैव विविधता पर प्रभावों का मूल्यांकन कराने तथा अंतिम निर्णय से पहले जनसुनवाई और ग्राम पंचायतों से परामर्श लिए जाने की मांग की है। ताकि क्षेत्र कर परिस्थियों के साथ ही यहां रहने वाले लोगों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

**आयोजन:** 1368 अभ्यर्थियों ने प्री-बीएड और 1074 ने दी बीएससी नर्सिंग परीक्षा

# प्री-बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा जिले में शांति पूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित प्री-बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा गुरूवार को कबीरधाम जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

परीक्षा के व्यवस्थित तथा सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें प्री-बीएड परीक्षा के लिए 6 केंद्र तथा बीएससी नर्सिंग परीक्षा के लिए 6 केंद्र बनाए गए थे। प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा में पंजीकृत 1892 अभ्यर्थियों में से 1368 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 524 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

वहीं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में पंजीकृत 1375 अभ्यर्थियों में से 1074 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी तथा 301 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।




### प्रत्येक केंद्र में पर्यवेक्षकों को किया गया था नियुक्त

परीक्षा के दौरान सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक केंद्र में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। साथ ही अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उड़नदस्ता दल गठित किया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों में पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मियों द्वारा अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग की गई। परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई और सभी केंद्रों में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

### कवर्धा के इन परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई परीक्षा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल ने दोनों ही परीक्षाओं को व्यवस्थित तथा सुचारू रूप से सम्पन्न कराने जिला मुख्यालय कवर्धा में प्री बीएड परीक्षा के लिए शासकीय पीजी कॉलेज, कवर्धा, शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा, स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय, बस स्टैंड के पास, कवर्धा तथा शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कचहरी पारा कवर्धा को तथा बीएससी नर्सिंग परीक्षा के लिए सरस्वती शिशु मंदिर, राजनांदगांव रोड, कवर्धा, होली क्रॉस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोरमदेव रोड, कवर्धा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शक्ति वार्ड, कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल, कैलाश नगर, कवर्धा, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव रोड, कवर्धा तथा अभ्युदय स्कूल, सरोधा नहर रोड, कवर्धा परीक्षा केन्द्र बनाया था।

# 25 करोड़ रुपए के धान शॉर्टेज पर जिला प्रशासन कटघरे में: नवीन

- किसानों का धान आखिर गया कहां?: नवीन जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले में सामने आए लगभग 25 करोड़ रुपये के धान शॉर्टेज के मामले ने पूरे जिले में चिंता और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने इस मामले को किसानों की मेहनत और उनके अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

नवीन जायसवाल ने बताया कि उन्होंने स्वयं संबंधित धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खैरझिटी नया केंद्र में लगभग 855 क्विंटल, दुल्लापुर केंद्र में 377 क्विंटल, कोदवा गोंडान केंद्र में 711 क्विंटल तथा कुकदूर केंद्र में लगभग 1000 क्विंटल धान शॉर्टेज दर्ज पाया गया।

जिले के अन्य केन्द्रों को मिलाकर यह आंकड़ा करोड़ों रुपये तक पहुंच गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब धान खरीदी केंद्रों में धान मौजूद नहीं है, तब रिकॉर्ड में दर्ज हजारों क्विंटल धान आखिर गया कहां? किसानों की मेहनत की उपज का हिसाब कौन देगा? क्या प्रशासन इस बात का जवाब देगा कि इतने बड़े स्तर पर धान की कमी कैसे हुई? श्री जायसवाल ने कहा कि कलेक्टर ने कहा है अधिकारियों को कैसे भी करके शॉर्टेज जीरो करो के निर्देश दिए गए हैं।

यदि यह सही है तो जनता जानना चाहती है कि पहले धान का पता लगाया जाएगा या सीधे शॉर्टेज को शून्य दिखाने की कोशिश होगी? क्या प्रशासन का काम सच्चाई सामने लाना है या आंकड़ों को ठीक करना उन्होंने कहा कि यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी धान से जुड़े करोड़ों रुपये के नुकसान और अनियमितताओं के मामले सामने आए थे।

उस समय भी कांग्रेस ने व किसानों और जनता ने सवाल उठाए थे, लेकिन आज तक पूरी सच्चाई सामने नहीं आई। अब फिर 25 करोड़ रुपये के धान शॉर्टेज का मामला सामने आने से लोगों का भरोसा प्रशासनिक व्यवस्था पर कमजोर हुआ है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क था तो इतना बड़ा शॉर्टेज कैसे हुआ? यदि जानकारी नहीं थी तो यह प्रशासनिक विफलता है और यदि जानकारी थी तो समय पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? आखिर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही कब तय होगी। श्री जायसवाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों के हितों की बड़ी-बड़ी बातें करने वाली सरकार को इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। जब बार-बार धान खरीदी और भंडारण से जुड़े मामलों में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं तो सरकार और प्रशासन दोनों की जवाबदेही तय होना आवश्यक है।

### शासन प्रशासन से की गई निष्पक्ष जांच व कार्यवाही की मांग

नवीन जायसवाल ने मांग की कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जनता के सवाल खैरझिटी नया के 855 क्विंटल धान का हिसाब कौन देगा दुल्लापुर के 377 क्विंटल धान का जिम्मेदार कौन है? कोदवा गोंडान के 711 क्विंटल धान का क्या हुआ कुकदूर के 1000 क्विंटल धान कहां गए जिले के 25 करोड़ रुपये के धान शॉर्टेज का सच जनता को कब बताया जाएगा?

# दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए चलेगा सर्वे अभियान

- जिले में 16 जून से 7 जुलाई तक जिले के सभी गांवों एवं वार्डों में चलेगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष सर्वे अभियान चलाया जाएगा।

यह अभियान 16 जून से 7 जुलाई 2026 तक जिले के सभी गांवों एवं शहरी वार्डों में चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा गोपाल वर्मा ने अभियान की रूपरेखा तय करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिले का कोई भी दिव्यांग बच्चा सर्वेक्षण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक पात्र बच्चे तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह अभियान केवल आंकड़ों के संकलन तक सीमित नहीं है, बल्कि उन बच्चों की पहचान का महत्वपूर्ण प्रयास है, जो किसी कारणवश शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं अथवा पुनर्वास सुविधाओं से दूर हैं।

सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हांकित बच्चों को समावेशी शिक्षा, सहायक उपकरण, चिकित्सकीय परामर्श, विशेष प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति तथा अन्य शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे अपने आसपास के दिव्यांग बच्चों की जानकारी सर्वे दल को उपलब्ध कराएं, ताकि जरूरतमंद बच्चों तक समय पर सहायता एवं सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।

यह अभियान शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के समन्वय से संचालित होगा।

# आईपीएल पर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले गिरोह के दो फरार आरोपी पुलिस गिरफ्त में

- साइबर सेल और पोंडी पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त कर जुटाए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर सेल और पोंडी चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से मोबाइल फोन जब्त किए हैं तथा ऑनलाइन सट्टे से जुड़े महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सुरक्षित किए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अवैध जुआ और ऑनलाइन सट्टा कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 24 मई 2026 को ग्राम बैहरसरी में दबिश दी गई थी। मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव निवासी रघुवीर वर्मा आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है।

सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में कार्रवाई की। जांच के दौरान रघुवीर वर्मा के मोबाइल फोन से ऑनलाइन सट्टा संचालन से जुड़े लिंक, यूजर आईडी तथा अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह कपूरचंद वर्मा और राकेश उर्फ राकू वर्मा के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार का संचालन कर रहा था।

इसके बाद पुलिस ने रघुवीर वर्मा के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। न्यायालय में पेश किए जाने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था, जबकि उसके दोनों साथी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी रखी।

इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के विश्लेषण और पतासाजी के आधार पर बुधवार को कपूरचंद वर्मा (31 वर्ष) एवं राकेश उर्फ राकू वर्मा (23 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम बैहरसरी, चौकी पोंडी, थाना बोड़ला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन भी जब्त कर जांच के लिए सुरक्षित रखे हैं।

गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस अब इस ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से जुड़े अन्य संभावित लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।



### पुलिस ने लोगों से मांगा सहयोग

कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध जुआ, सट्टा अथवा किसी भी प्रकार के साइबर अपराध संबंधी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# जिला भाजपा ने किया महा मृत्युंजय पाठ का आयोजन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व में केन्द्र सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा शहर स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में महामृत्युंजय पाठ एवं सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्र के निरंतर विकास, समृद्धि और जनकल्याण की कामना करते हुए श्रद्धापूर्वक महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं।

केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है तथा भारत आज विश्व मंच पर सशक्त नेतृत्व के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक मोती राम चंद्रवंशी, अशोक साहू,जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, प्रदेश प्रवक्ता जसविन्दर बग्गा, देवकुमारी चंद्रवंशी, भुवनेश्वर चंद्राकर, कृष्ण कुमार वैष्णव, सुनील दोषी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

**पूर्व सेवा गणना कर पेंशन के लिए न्यायालय में दी जाएगी चुनौती**

# एक लाख से अधिक शिक्षकों के भविष्य से खिलवाड़?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संविलियन पूर्व सेवा अवधि को पेंशन में शामिल किए जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के शिक्षक संगठनों ने एक बार फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी शुरू कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी आदेश में याचिकाकर्ता शिक्षकों के अभ्यावेदनों को अमान्य किए जाने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे उच्च न्यायालय के निर्देशों की मूल भावना के विपरीत बताया है।

एसोसिएशन का आरोप है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने 9 जून 2026 को जारी आदेश में सन् 2021 के डब्ल्यूपीएस क्रमांक 777, 5699 व 2255 रमेश चंद्रवंशी एवं अन्य विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन सहित अन्य मामलों में उच्च न्यायालय के निर्देशों की सही व्याख्या किए बिना अभ्यावेदन निरस्त कर दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि यदि शासन वास्तव में न्यायालय की भावना के अनुरूप निर्णय लेता तो पूर्व सेवा अवधि को पेंशन में शामिल करने संबंधी आदेश जारी करता। वर्तमान आदेश में केवल पहले से लागू संविलियन संबंधी प्रावधानों को ही दोहराया गया है, जबकि मूल मुद्दा संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मानने का है। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 1998 से 2018 के बीच नियुक्त एक लाख से अधिक शिक्षक पूर्व सेवा अवधि के पेंशन लाभ से वंचित हैं। इसके कारण कई शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे हैं और आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में शिक्षकों को केवल आंशिक पेंशन का लाभ ही मिल पाएगा। पेंशन की लड़ाई लंबे समय से जारी है।

आंदोलन, हड़ताल, घेराव, ज्ञापन और न्यायालयीन प्रक्रिया के माध्यम से लगातार यह मांग उठाई जाती रही है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णयों में संविलियन पूर्व सेवा को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं करने, संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के सिद्धांतों का पालन करने तथा पेंशन को कर्मचारियों का अधिकार मानने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्ट टिप्पणियां की हैं। शासन ने क्रमोन्नति संबंधी सन 2026 के रिट अपील क्रमांक 191 और अन्य भिन्न मामलों के निर्णयों का हवाला देकर पेंशन संबंधी अभ्यावेदन खारिज किया है, जबकि इन मामलों का पेंशन विवाद से सीधा संबंध नहीं है।

### निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहने का आव्हान



एसोसिएशन ने शासन के इस निर्णय को प्रदेश में कार्यरत एक लाख से अधिक शिक्षकों व उनके आश्रितों के भविष्य के साथ कुठाराघात करार देते हुए स्पष्ट किया है कि पूर्व सेवा अवधि को पेंशन में शामिल कराने के लिए उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। इसके लिए सड़क से लेकर न्यायालय तक सभी लोकतांत्रिक एवं कानूनी विकल्पों का उपयोग किया जाएगा। पदाधिकारियों ने जिले के शिक्षकों से आने वाले समय में निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहने का आव्हान किया है।

# घर से नाराज होकर भागी बालिकाओं को सकुशल परिजनों को किया गया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीड़ित की रपट पर कुकदुर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घरेलू बात से नाराज होकर घर से निकली बालिकाओं को खोजकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द करने में सफलता हांसिल की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनो प्रार्थी फागू राम धुर्वे, निवासी भेतकी थाना कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री और उसकी सहेली के घरेलू बात से नाराज होकर, बिना किसी को बताए कहीं चले जाने के संबंध में थाना कुकदूर में सूचना दी गई थी। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मुखबिरों से पतासाजी एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर संबंधित बालिकाओं को थाना पंडरिया क्षेत्र के ग्राम बांधा के आसपास में अंतिम बार देखे जाने की जानकारी मिलने पर, थाना कुकदूर पुलिस द्वारा थाना पंडरिया पुलिस को घटना के सम्बद्ध में सूचित किया गया, जिसके आधार पर थाना पण्डरिया पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए, एक विशेष टीम ग्राम बांधा क्षेत्र में पता तलाश के लिए रवाना किया गया, पुलिस द्वारा गांव के आस पास तन्मयता से पतासाजी करते हुए दोनों बालिकाओं को उनके परिचित के पास से सकुशल बरामद किया जाकर इस बात की सूचना थाना कुकदूर को प्रदाय किया गया, जिस पर थाना कुकदूर स्टाफ तथा परिजनों के पहुंचने पर बालिकाओं को परिजनों को सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया।



इस कार्यवाही में थाना कुकदूर स्टाफ प्रधान आरक्षक अजय जायसवाल, आरक्षक रमऊ धुर्वे तथा थाना पंडरिया स्टाफ प्रधान आरक्षक श्रवण चंद्रवंशी, आरक्षक आकाश भोई, प्रभाकर बंछोर, महिला आरक्षक संगीता की सराहनीय भूमिका रही है।